सुविचार
जो मनुष्य अपना क्रोध खुद ही झेल लेता है, वह दूसरों के क्रोध से बच जाता है।

# दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

राजस्थान

dainikbhaskar.com | जयपुर, सोमवार, 24 अगस्त, 2020 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-6, 2077 | 12 राज्य | 65 संस्करण

**मानसून (बारिश)**

| | अब तक | कम/ज्यादा |
|---|---|---|
| जयपुर | 460 मिमी | +67 मिमी |
| अजमेर | 297 मिमी | -33 मिमी |
| दिल्ली | 513 मिमी | -297 मिमी |
| मुंबई | 906 मिमी | +145 मिमी |
| कोलकाता | 1071 मिमी | +64 मिमी |

## कोरोना क्विक अपडेट

**दुनिया**

| | |
|---|---|
| कुल संक्रमित | 2.35 करोड़ |
| ठीक हुए | 1.59 करोड़ |
| रिकवरी रेट | 68.2% |
| कुल मौतें | 8,09,984 |
| नए संक्रमित | 2,61,898 |
| कल ठीक हुए | 1,99,908 |
| नई मौतें | 5,349 |

| | संक्रमित | कुल मौतें |
|---|---|---|
| अमेरिका | 58,49,161 | 1,80,297 |
| ब्राजील | 35,83,308 | 1,14,287 |
| रूस | 9,56,749 | 16,383 |
| द. अफ्रीका | 6,07,045 | 12,987 |
| पेरू | 5,85,236 | 27,453 |

**भारत**

| | |
|---|---|
| कुल संक्रमित | 30,99,765 |
| ठीक हुए | 23,27,566 |
| रिकवरी रेट | 75.1% |
| कुल मौतें | 57,613 |
| नए संक्रमित | 62,108 |
| कल ठीक हुए | 56,512 |
| नई मौतें | 851 |

**राजस्थान**

| | |
|---|---|
| कुल संक्रमित | 70,609 |
| कुल ठीक हुए | 55,324 |
| रिकवरी रेट | 78.35% |
| कुल मौतें | 955 |
| नए संक्रमित | 1345 |
| कल ठीक हुए | 1180 |
| नई मौतें | 11 |

**जयपुर**

| | |
|---|---|
| कुल संक्रमित | 8,767 |
| कुल ठीक हुए | 5,673 |
| रिकवरी रेट | 64.70% |
| कुल मौतें | 254 |
| नए संक्रमित | 193 |
| कल ठीक हुए | 30 |
| नई मौतें | 03 |

**आज फैसले की घड़ी • कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सुबह 11 बजे बैठक, हो सकता है सबसे बड़े नेतृत्व परिवर्तन का ऐलान**

# गांधीयुक्त कांग्रेस या गांधीमुक्त कांग्रेस?

# 23 नेताओं की चिट्ठी-बदलाव जरूरी; सोनिया के इस्तीफे की चर्चा, मनमोहन-खड़गे या वासनिक हो सकते हैं अंतरिम अध्यक्ष

**नई दिल्ली** | कांग्रेस में नेतृत्व में बदलाव की मांग से जुड़ा 23 वरिष्ठ नेताओं का पत्र सामने आने के बाद खलबली मच गई है। इन नेताओं में गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, भूपिंदर हुड्डा, वीरप्पा मोइली, कपिल सिब्बल, मुकुल वासनिक, शशि थरूर, राज बब्बर, रेणुका चौधरी, पृथ्वीराज चव्हाण, जितिन प्रसाद, मिलिंद देवड़ा व मनीष तिवारी के नाम शामिल हैं। सोमवार को पार्टी की कार्यकारी समिति (सीडब्लयूसी) की बैठक से पहले कांग्रेस के नेता दो गुटों में बंटे नजर आ रहे हैं। एक धड़ा गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति को, जबकि दूसरा गांधी परिवार के ही सदस्य को अध्यक्ष के रूप में देखना चाहता है। इस बीच रविवार शाम तक मीडिया रिपोर्ट्स में सोनिया गांधी के अध्यक्ष पद छोड़ने की इच्छा जताने की खबरें चलती रहीं। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने सहयोगियों से कहा कि वे पार्टी के लिए नया अध्यक्ष चुन लें। हालांकि, पार्टी प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा- सोनिया ने ऐसा कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। बता दें कि पार्टी के 23 नेताओं के हस्ताक्षर वाली चिट्ठी में सोनिया से पार्टी में ऊपर से नीचे तक बदलाव की मांग की गई है।

### पहली पसंद: अध्यक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम का प्रस्ताव आ सकता है

**माना जा रहा है कि पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल नए अध्यक्ष के लिए राहुल गांधी का नाम आगे कर सकते हैं। अगर कार्यसमिति चुनाव कराने का फैसला लेती है तो बात वहीं खत्म हो सकती है।**



- राजस्थान कांग्रेस प्रभारी अजय माकन ने कहा- राहुल कांग्रेस में सबसे स्वीकार्य लीडर हैं। बतौर कांग्रेस अध्यक्ष उनकी वापसी का यह सबसे सही समय है।
- निलंबित प्रवक्ता संजय झा ने कहा, करीब 300 कांग्रेसी नेताओं के इस पत्र पर हस्ताक्षर हैं। ये नेता देश के हर कोने से हैं, पर सिर्फ 23 नेताओं के नाम आ रहे हैं।

### 3 संभावनाएं... सोनिया अध्यक्ष बनी रहें, राहुल को मनाएं या कोई और चुनें

1. सोनिया अंतरिम अध्यक्ष बनी रहें। अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया का समयबद्ध ऐलान हो जाए।
2. चुनाव के जरिए राहुल के पार्टी प्रमुख बनने तक गैर गांधी वरिष्ठ नेता को अध्यक्ष बनाया जाए। इनमें पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे और मुकुल वासनिक का नाम चल रहा है।
3. राहुल को अध्यक्ष बनने के लिए मनाया जाए। वैसे भी सीडब्ल्यूसी ने तकनीकी तौर पर उनका इस्तीफा स्वीकारा नहीं है। राहुल को संगठन में बड़े फेरबदल करने के अधिकार दिए जा सकते हैं।

### इधर अलग सुर: खुर्शीद बोले- चुनाव की जगह सर्वसम्मति से ही चुनें अध्यक्ष

पार्टी नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि पार्टी को चुनावों की जगह सर्वसम्मति को एक मौका देना चाहिए। राहुल को पूर्ण समर्थन और भरोसा हासिल है।

### गहलोत बोले- सोनिया न मानें तो राहुल संभालें अध्यक्ष पद



*23 वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं द्वारा माननीय कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखने की खबर अविश्वसनीय है। और अगर यह सच है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसे मीडिया के सामने ले जाने की जरूरत नहीं थी। मैं दृढ़ता से विश्वास करता हूं कि इस मुश्किल समय में, जब हमारे लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई चल रही हो, माननीय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ही पार्टी का नेतृत्व संभालते रहना चाहिए। उन्होंने हमेशा चुनौतियों का डटकर सामना किया है। लेकिन अगर वे अपना मन बना चुकी हैं तो मेरा विश्वास है कि राहुल गांधी को आगे आना चाहिए और कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालना चाहिए। क्योंकि इस समय देश हमारे संविधान और लोकतंत्र को बचाने की सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है।*

**- सीएम अशोक गहलोत का ट्वीट**

### चिट्ठी का मकसद: गैर गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने की मुहिम

23 नेताओं के हस्ताक्षर वाली चिट्ठी में पार्टी के संगठन में बड़े बदलाव की मांग को गांधी परिवार के बाहर का अध्यक्ष चुनने की मुहिम के तौर पर माना जा रहा है। पत्र की मंशा के बारे में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने भास्कर को बताया कि राहुल की वापसी की मांग को देखते हुए यह पत्र लिखा गया है। चुनावों में पराजय की जिम्मेदारी की मांग भी इसी संदर्भ में है। इसमें सक्रिय, प्रभावी नेतृत्व और जमीन पर काम करने वाले को अध्यक्ष बनाने की मांग की गई है।

**रोग थम नहीं रहा... प्रदेश में 1345 नए मरीज मिले, 11 मौतें भी, कुल रोगी 70609**

# राजस्थान; रोगी 70 हजार पार

## जोधपुर में सर्वाधिक 210, जयपुर में 193 संक्रमित

**जयपुर** | प्रदेश में कोरोना अपने सबसे रौद्र रूप में है। रविवार को 1345 नए रोगियों के साथ कुल संक्रमितों की संख्या 70 हजार का आंकड़ा पार करते हुए 70,609 पर पहुंच गई। वहीं, 11 मौतें भी हुईं और कुल मृतकों की संख्या 955 हो गई। मरने वालों में जयपुर के 3, बाड़मेर, भरतपुर, जालौर, कोटा, नागौर, पाली, प्रतापगढ़ और टोंक का एक-एक शामिल है।

जोधपुर में सबसे ज्यादा 210 मरीज मिले। जयपुर 193 नए संक्रमितों के साथ दूसरे नंबर पर रहा। यह लगातार आठवां दिन है, जब प्रदेश में 1300 से ज्यादा नए रोगी सामने आए। कोरोनाकाल के 174 दिन में यह सबसे बुरा सप्ताह कहा जा सकता है। हालांकि, राहत की बात ये है कि ठीक होने वाले मरीजों की संख्या अब 54,686 तक पहुंच गई है। रविवार को 1237 मरीज डिस्चार्ज हुए। जोधपुर में कुल संक्रमितों का आंकड़ा 10,440 तक और जयपुर में 8767 तक पहुंच गया है। हालांकि, जयपुर में अब तक सर्वाधिक 254 मौतें हुई हैं।

**भर्ती मरीज 14330**

| रिकवरी रेट | मृत्यु दर | सैंपलिंग |
|---|---|---|
| 78.35% | 1.35% | 21.22 लाख |

| जिला | नए रोगी | जिला | नए रोगी | जिला | नए रोगी |
|---|---|---|---|---|---|
| जोधपुर | 210 | उदयपुर | 29 | चित्तौड़गढ़ | 13 |
| जयपुर | 193 | सिरोही | 24 | बाड़मेर | 12 |
| अलवर | 171 | श्रीगंगानगर | 21 | प्रतापगढ़ | 12 |
| कोटा | 138 | भरतपुर | 21 | स. माधोपुर | 12 |
| बीकानेर | 128 | धौलपुर | 18 | हनुमानगढ़ | 10 |
| भीलवाड़ा | 93 | झालावाड़ | 17 | टोंक | 8 |
| सीकर | 71 | चूरू | 16 | बारां | 5 |
| अजमेर | 38 | डूंगरपुर | 15 | जालोर | 5 |
| पाली | 33 | करौली | 14 | जैसलमेर | 3 |
| | | दौसा | 13 | बूंदी | 2 |

**पुष्कर में लॉकडाउन**
कोरोना के चलते पुष्कर में 25 से 27 अगस्त तक स्वैच्छिक लॉकडाउन।

### देश: 62,108 नए संक्रमित, 851 लोगों की मौत भी

भारत में रविवार को 62,108 नए केस मिले, 851 की मौत हो गई। अब कुल संक्रमित 30.99 लाख जबकि मौतें 57,613 हो गई हैं। अब तक 23,27,566 रोगी कोरोना को हरा चुके हैं।


**...इधर कोरोना का असर**


### कांग्रेस ने जेईई-नीट टालने की मांग की, देशभर में छात्रों ने एक दिन की भूख हड़ताल की

**नई दिल्ली** | कोरोना महामारी के बीच जेईई और नीट टालने की मांग के बीच ही रविवार को देशभर में छात्रों ने एक दिन की भूख हड़ताल की। सीबीएसई पूरक परीक्षा के साथ यूजीसी-नेट, क्लैट, नीट और जेईई को टालने की मांग को लेकर हुई भूख हड़ताल में 4,200 विद्यार्थी शामिल हुए। उन्होंने सोशल मीडिया पर अभियान भी छेड़ दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'भारत सरकार विद्यार्थियों के मन की बात सुने और कोई सर्वमान्य समाधान निकाले।' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कोरोना संक्रमण नियंत्रित होने तक जेईई-नीट टालने की मांग की है।

**बांसवाड़ा के भूंगड़ा में 17, घाटोल में 14 इंच बारिश**

### खुशियां ओवरफ्लो : सीजन में पहली बार खुले माही बांध के सभी 16 गेट





**प्रदेश के विभिन्न अंचलों से** | प्रदेश में मानसून अब जमकर बरस रहा है। रविवार को बांसवाड़ा के भूंगड़ा में 17, घाटोल में 14 व बांसवाड़ा शहर में 10 इंच पानी गिरा। झालावाड़, डूंगरपुर, कोटा, बारां, चित्तौड़गढ़ में भी तेज बारिश हुई। सीजन में पहली बार बांसवाड़ा में माही बांध के 16 गेट आधा-आधा मी. खोले गए। राणाप्रताप सागर समेत कई बांधों का जलस्तर भी बढ़ गया। अब 742 बांधों में 38 ओवरफ्लो हो चुके हैं। उधर, राजसमंद में पिकनिक मनाने आए 3 युवकों की बिजली गिरने से मौत हो गई।

**कहां कितनी बारिश (मिमी में)**

| | |
|---|---|
| भूंगड़ा | 420 |
| घाटोल | 355 |
| बांसवाड़ा | 254 |
| कुशलगढ़ | 205 |
| सागवाड़ा | 196 |

### क्यों हो रही इतनी बारिश?

डूंगरपुर, बांसवाड़ा और इससे सटे गुजरात के हिस्सों के ऊपर से मानसूनी ट्रफ गुजर रही है। हवा का दबाव कम है। इसलिए तेज बारिश हो रही है।

**आगे क्या :** अगले 48 घंटे में डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, सिरोही के लिए तेज बारिश का अलर्ट।

## न्यूज ब्रीफ

### यूजीसी नेट के लिए अब आवेदन 10 सितंबर तक

**नई दिल्ली** | नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सीएसआईआर-यूजीसी नेट 2020 के लिए आवेदन विंडो खोल दी है। आवेदक 10 सितंबर तक आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। एनटीए के मुताबिक कोरोना के कारण कई छात्र आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे। सीएसआईआर के आग्रह पर आवेदन विंडो फिर खोली गई है।

## मोदी और मोर की जुगलबंदी, कविता भी लिखी- मोर चहकता मौन महकता



### मोदी के हाथों बेखौफ दाने चुगता, साथ टहलता दिखा राष्ट्रीय पक्षी

**नई दिल्ली** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इंस्टाग्राम पर दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर किया। इसमें वे अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग के गार्डन में मॉर्निंग वॉक करते दिख रहे हैं और आसपास राष्ट्रीय पक्षी मोर चहक रहा है। कुछ दृश्यों में पंख फैलाकर मोर नाच रहा है, तो कुछ में वे अपने हाथों से मोर को दाना खिला रहे हैं। मोर बेझिझक उनके आसपास मंडराता दिख रहा है। मालूम हो, प्रधानमंत्री आवास में कई मोर हैं। मोदी सुबह की सैर के बाद इन्हें नियमित रूप से दाना चुगाते हैं। अपलोड किए जाने के बाद इस वीडियो को 38 लाख से अधिक लोग देख चुके थे। मोदी ने इन पलों को 'बेशकीमती पल' बताया है।

### मोर पर लिखा मन मोर, भयो विभोर

भोर भयो, बिन शोर,
मन मोर, भयो विभोर,
रग-रग है रंगा,
नीला भूरा श्याम सुहाना,
मनमोहक, मोर निराला।
रंग है, पर राग नहीं,
विराग का विश्वास यही,
न चाह, न वाह, न आह,
गूंजे घर-घर आज भी गान,
जिये तो मुरली के साथ
जाये तो मुरलीधर के ताज।
जीवात्मा ही शिवात्मा,
अंतर्मन की अनंत धारा
मन मंदिर में उजियारा सारा,
बिन वाद-विवाद, संवाद
बिन सुर-स्वर, संदेश
मोर चहकता मौन महकता।

## 23 करोड़ रु. की कर धोखाधड़ी के मामले में अरिंदम चौधरी गिरफ्तार

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**नई दिल्ली** | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ प्लानिंग एंड मैनेजमेंट के निदेशक अरिंदम चौधरी को 23 करोड़ रुपए की कर धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली कोर्ट ने उनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उनपर जीएसटी के पूर्व की व्यवस्था में सेंट्रल वैट के 23 करोड़ के सर्विस टैक्स का गलत तरीके से क्रेडिट दावा करने का आरोप है। सीजीएसटी की टीम चौधरी की दिल्ली, अन्य शहरों और विदेशों में संपत्ति की भी जांच कर रही है।









हॉर्लिक्स एक पौष्टिक पेय है जिसे दैनिक संतुलित आहार के साथ लिया जाना चाहिए. *ग्रोथ न्यूट्रीएंट्स (बी विटामिन्स, विटामिन सी और सेलेनियम) विकास के लिए, पोषक तत्वों के कार्य का क्रिएटिव चित्रण है. ^14 महीनों के लिए 54 ग्राम माइक्रोन्यूट्रिएंट की शक्ति से भरपूर पेय और नॉन फॉर्टिफाइड प्लेसेबो के प्रभाव की तुलना के लिए 1999-2000 [Nutr 2006:22:S8-14] में किए एक अध्ययन पर आधारित दावे। +ज़्यादा मांसपेशियां और ज़्यादा हड्डी का क्षेत्र ++ध्यान और एकाग्रता में वृद्धि।